**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2022 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-19 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 19- (क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव में जी0पी0एफ0 योजना से आच्छादित कुल कितने शिक्षक, कर्मचारी, परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत हैं? | जनपद-उन्नाव में जी0पी0एफ0 योजना से आच्छादित शिक्षक/कर्मचारियों की कुल संख्या-1424 है। |
| (ख) उक्त शिक्षकों को लेखापर्ची किस वित्तीय वर्ष से नहीं प्रदान की गयी तथा लेखापर्ची निर्गत न किये जाने का क्या कारण है ? | वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 17 विकास खण्ड में से 11 विकास खण्ड की लेखापर्ची निर्गत की जा चुकी है। शेष 06 विकास खण्डों की लेखापर्ची तैयार की जा रही है। कार्य की अधिकता एवं स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत कार्मिकों की कमी के कारण लेखापर्ची ससमय निर्गत किये जाने में विलम्ब हुआ। |
| (ग) उक्त शिक्षकों, कर्मचारियों को लेखापर्ची कब तक निर्गत करा दी जायेगी? | शेष 06 विकास खण्ड क्रमशः सिकन्दरपुर सरोसी, सिकन्दरपुर कर्ण, असोहा, सुमेरपुर, हसनगंज एवं मियागंज की वित्तीय वर्ष 2021-22 की लेखापर्ची 31 अक्टूबर, 2022 तक निर्गत कर दी जायेगी। |

संदीप सिंह
राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)।